कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.11.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में सतर्कता जागरूकता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय भिलाई द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत ''भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण, आम-नागरिकों की भागीदारी से संभव है'' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं विशेष अतिथि श्री पंकज त्यागी, महाप्रबंधक फेरो स्क्रैप निगम भिलाई, श्री प्रभाकर सिंह ठाकुर, उपमहाप्रबंधक फेरो स्क्रैप निगम भिलाई उपस्थित थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए जनसहयोग आवश्यक है। यदि भारत का हर नागरिक अच्छी सोंच रखें तो भ्रष्टाचार का प्रभाव कम हो सकता है। कहीं भी किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार न हो इसके लिए हमें भी सतर्क व जागरूक होना चाहिए।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि पंकज त्यागी ने कहा कि- भ्रष्टाचार एक गंभीर बीमारी की तरह है। इसका इलाज जनजागरण से ही संभव है आज के युवा राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करें और कही पर भी भ्रष्टाचार न हो इसके प्रति सचेत रहकर दायित्व का निर्वहन करें।

फेरो स्क्रैप के सतर्कता अधिकारी प्रभाकर सिंह ठाकुर ने कहा कि देश का विकास युवाओं की जिम्मेदारी है। युवा वर्ग भ्रष्टाचार का विरोध कर राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें।

आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में कु. पूजा चेलक तथा विपक्ष में कु. प्रेक्षा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. गीतू यादव ने पक्ष में तथा प्रेरणा सुकेतल ने विपक्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कु. सुमन साहू एवं वर्षा देवांगन रहीं। वहीं काव्यशिखा एवं जान्हवी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, श्रीमती ज्योति भरणे, कु. मधु पाण्डे प्रतियोगिता निर्णायक रहें। कार्यक्रम के संयोजक श्रीनिवास फेरो स्क्रैप निगम का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती राठौर व धन्यवाद ज्ञापन श्री छगनलाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी ने दिया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में
सतर्कता जागरूकता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित